# अतिक्रमण पर नगर निगम का सख्त प्रहार, कुंभ के लिए उज्जैन हो रहा तैयार

## देवास गेट इंदौर गेट नानाखेड़ा से महाकाल क्षेत्र तक कार्रवाई, ठेले-गुमटियां हटाई गई, विरोध करने वालों पर एफआईआर





**उज्जैन।** आगामी महाकुंभ 2028 को लेकर तैयारियां तेज़ हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शहर को सुव्यवस्थित, सुंदर और यातायात मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान छेड़ दिया है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर लगातार दो दिनों से शहर के प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई की जा रही है। बाहर से प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं, ऐसे में प्रशासन शहर की सूरत और व्यवस्था सुधारने में जुटा है।

मंगलवार को देवास गेट बस स्टैंड से लेकर इंदौर गेट तक बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण हटाया गया। सड़क किनारे फैले अस्थायी ढांचे, गुमटियां और अवैध निर्माण हटाए गए। धार्मिक नगरी होने के कारण आवागमन अवरुद्ध न हो, इसी उद्देश्य से यह अभियान आयुक्त के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया।

फ्रीगंज क्षेत्र में इंदिरा गांधी चौराहे से तीन बत्ती चौराहे तक खंभों पर लगे अवैध फ्लेक्स सुबह ही निकाल दिए गए। अंबेडकर मांगलिक भवन के पास रोटरी पर लगे फ्लेक्स, शहीद पार्क की बाउंड्रीवाल से बंधे बैनर और बड़े-बड़े होर्डिंग हटाए गए। झोन क्रमांक 4 और 5 -6 के अंतर्गत छोटा सराफा, नमक मंडी, जैन मंदिर क्षेत्र तक लाइट पोल पर लगे अवैध होर्डिंग हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी तरह नानाखेड़ा क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। कोयला फाटक, हरि फाटक, बेगम बाग कॉलोनी और महाकाल चौराहा क्षेत्र में लाइट पोल पर लगे अवैध होर्डिंग निकाले गए। निर्माण कार्य में बाधा बन रहे गिट्टी, बालू और रेत के ढेर हटाने के लिए अनाउंसमेंट किया गया, अन्यथा जब्ती की चेतावनी दी गई। उज्जैन-देवास गेट मार्ग से लेकर प्रमुख बाजारों तक कार्रवाई कर शहर को खुला और व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया गया।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि शहर की सुंदरता और यातायात सुगमता सर्वोच्च प्राथमिकता है। महाकुंभ 2028 को ध्यान में रखते हुए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। व्यापार कीजिए, लेकिन नियमों के अनुसार। सड़क और सार्वजनिक स्थानों को बाधित करना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान वाले उज्जैन को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने की यह मुहिम आने वाले समय में और तेज़ होने के संकेत दे रही है।

### विरोध, हंगामा और एफआईआर-चाकू निकाले तो निकाला जुलूस

अभियान के दौरान कुछ स्थानों पर विवाद की स्थिति भी बनी। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए चाकू तक निकाल लिया और टीम पर हमला करने की कोशिश की। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने देवासगेट थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस प्रशासन के सहयोग से हालात काबू में किए गए और बाधा उत्पन्न करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। कुछ मामलों में आरोपियों का जुलूस भी निकाला गया, जिससे साफ संदेश दिया गया कि विकास कार्य में बाधा सहन नहीं की जाएगी। बुधवार को नानाखेड़ा स्टेडियम के बाहर एवं दीवार से सटी सभी गुमटियां हटाई गईं। यहां सिक्स लेन निर्माण कार्य जारी है और खुदाई के चलते सड़कें उबड़-खाबड़ हैं। यातायात बाधित न हो, इसके लिए ठेले-गुमटियां हटाकर रास्ता साफ कराया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी दर्ज कराया। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि व्यापार करने से किसी को रोका नहीं जा रहा, लेकिन सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# निगमायुक्त ने गोंदिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर खाद निर्माण की प्रक्रिया को देखा



**उज्जैन। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा बुधवार को निरीक्षण के दौरान गोंदिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण करते हुए कचरा प्रोसेसिंग एवं खाद निर्माण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया। साथ ही प्लांट प्रभारी को निर्देशित किया गया कि पुराने कचरे ( लीगेसी वेस्ट ) की प्रोसेसिंग प्रक्रिया बढ़ाई जाए ताकि अधिक से अधिक कचरे का निष्पादन किया जा सके।**

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने ट्रेचिंग ग्राउंड पर लिगेसी वेस्ट के निस्तारीकरण की प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए शीघ्र प्रोसेसिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही जहां पर गीले कचरे से खाद बनाई जाती है। उक्त प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण करते हुए जानकारी ली गई कि जो खाद बनाई जाती है। उसका उपयोग कहां पर किया जाता है प्लांट प्रभारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि गीले कचरे से बनी खाद का उपयोग किसानों द्वारा खेतों में खाद के रूप में किया जाता है। साथ ही सूखे कचरे का उपयोग आरडीएफ बनाने में होता है जिसे सीमेंट प्लांट को भेजा जाता है इस प्रकार से हमें कचरे से आय भी प्राप्त होती है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि कचरे की प्रोसेसिंग प्रक्रिया को समय सीमा में किया जाए, प्लांट की साफ सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखते हुए प्लांट पर जो गार्डन विकसित किया गया है। उसका मेंटेनेंस रखते हुए और अधिक सुंदर बनाया जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, उपयंत्री गायत्री प्रसाद डेहरिया, कृष्णा भूरिया, उज्जैन वेस्ट मैनेजमेंट के प्लांट प्रभारी शंकर उपाध्याय उपस्थित रहें।

# घायल कोचिंग संचालक के समर्थन में कंट्रोल रूम पर प्रदर्शन

## पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा, हमलावरों के अवैध कब्जे हटाने की मांग





**उज्जैन।** केशव नगर में कोचिंग संचालक पर हुए हमले में शामिल आरोपियों के अवैध कब्जे हटाने और सख्त कार्रवाई करने को लेकर बुधवार को कोचिंग क्लास एसोसिएशन के साथ क्षेत्र वासियों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर प्रदर्शन किया और एसपी को ज्ञापन सौंपा। नीलगंगा थाना क्षेत्र के केशव नगर में मंगलवार को कोचिंग संचालक अजय जागरी पर क्षेत्र के ही रहने वाले दो मुस्लिम युवकों ने हफ्ता नहीं देने पर हमला कर दिया था। कोचिंग संचालक गंभीर रूप से घायल हुआ था जिसके बाद क्षेत्र में स्थिति तनाव पूर्ण हो गई थी। पुलिस ने घायल कोचिंग संचालक की पत्नी की शिकायत पर आरिफ और इमरान के साथ अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को कोचिंग संचालक एसोसिएशन और दर्जनों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और एसपी प्रदीप शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि हमलावरों द्वारा अवैध कब्जे कर रखे हैं नल कनेक्शन भी अवैध है बिजली भी अवैध उपयोग की जा रही है। उन्हें क्षेत्र से हटाया जाए। एसपी प्रदीप शर्मा ने नगर निगम के माध्यम से अवैध कब्जों की जानकारी जुटा कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### आरोपियों की ऑटो की जब्त

केशव नगर में मंगलवार से ही पुलिस बल की तैनाती है। बुधवार को पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया और आरोपियों की ऑटो जब्त की। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरु प्रसाद पाराशर, सीएसपी दीपिका शिंदे सहित नीलगंगा, नानाखेड़ा, देवास गेट, नागझरी और पुलिस लाइन का बल शामिल रहा। इस दौरान आरोपियों के घर की तस्दीक की गई और ऑटो जब्त किया गया।

## सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का भूमिपूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 54 अंतर्गत पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुगन बाबूलाल बाघेला के प्रयासों से नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 17 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य करवाया जा रहा है उक्त कार्य का भूमि पूजन बुधवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, भाजपा कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव, बाबूलाल बाघेला की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 54 अंतर्गत नगर निगम द्वारा 17 लाख रुपए की लागत से शिव सिटी कॉलोनी से नारायण स्कूल के पीछे तक सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य करवाया जाएगा। जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस दौरान मधुकर राव, पप्पू यादव, शाहिद मंसूरी, बीएल परमार, जगदीश पांचाल, कपूर चंद्र वर्मा, हरीश मेहरा, पुष्पा तोमर, किरण वर्मा, ममता तोमर एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

# पुत्र की शादी से पहले पिता की सड़क दुर्घटना में मौत

## पत्रिका बांट कर लौट रहे थे, अज्ञात वाहन में कुचला

**उज्जैन। पुत्र की शादी से 10 दिन पहले सड़क दुर्घटना में मंगलवार बुधवार रात पिता की मौत हो गई। घटनाक्रम की जानकारी परिवार को मिलते ही शादियों की खुशियां मातम में बदल गई। पिता शादी की पत्रिका बांट कर वापस लौट रहे थे, रास्ते में अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। बुधवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।**

नरवर के ग्राम करछली में रहने वाले कालूराम पिता आत्माराम बाघेला 52 साल के पुत्र अभिषेक का 28 फरवरी को विवाह होना है। 22 फरवरी को माता पूजन था। कालूराम पत्रिका बांटने के लिए बड़नगर गया हुआ था। रात में वापस लौटते समय रत्नाखेड़ी और मंगरोला के बीच अज्ञात चार पहिया वाहन ने कालूराम की बाइक को टक्कर मारी और कुचल दिया। मौके पर ही कालूराम की मौत हो गई। पुलिस सूचना मिलने पर दुर्घटना स्थल पहुंची, शव चरक अस्पताल पहुंचाया गया। कालूराम के पास मिले मोबाइल और पत्रिका के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। रात में ही परिवार अस्पताल पहुंच गया था। सुबह पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। शादी की खुशियों के बीच परिवार के मुखिया की हुई दुर्घटना में मौत से मातम छा गया था। परिवार बिलखता दिखाई दिया। गांव में भी माहौल गमगीन हो गया था। पुलिस ने दुर्घटना के बाद मौके से फरार हुए वाहन की तलाश शुरू की है।

## सोसायटी ने जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर



**उज्जैन।** मेरी संवेदना सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा इस्कॉन मंदिर के पीछे स्थित बस्ती में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। संस्था सचिव आभा बांठिया ने बताया कि इंदौर निवासी व महाकाल भक्त स्वाति संदीप लुणावत ने अपनी माताजी ललिता जैन एवं सुपुत्री समृद्धि के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संस्था को यह स्वेटर भेंट किए थे। इस सहयोग से बस्ती के बच्चों को ठंड से राहत मिली और उनके चेहरों पर मुस्कान बिखर गई। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मनीषा सुराणा, राजकुमारी माहेश्वरी, संतोष सोडानी, सीता शर्मा, अंगूरबाला वर्षा सकलेचा, पिंकी जैन, तरुणा जोशी, नेहा शैतान सोलंकी तथा कपिल जैन सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# पत्नी के प्रेम प्रसंग से प्रताड़ित होकर पति ने लगाई थी फांसी

**उज्जैन। फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले में मंगलवार को पुलिस ने उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। युवक ने पत्नी के अवैध प्रेम प्रसंग से प्रताडित होकर मौत को गले लगाया था।**

बड़नगर थाना क्षेत्र की नागेश्वर धाम कालोनी में रहने वाले राजेश पिता भगवान राठौर 35 साल ने 6 फरवरी को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मृतक का शव भाई शिवनारायण की सूचना पर बरामद कर मर्ग कायम किया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के बयान दर्ज किये गये। इस दौरान सामने आया कि मृतक राजेश की पत्नी सोनिया की वजह से उसने फांसी लगाई है। सोनिया ने उसे आत्महत्या के लिये उकसाया था। परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई। जिसमें सामने आया कि सोनिया का अन्य व्यक्ति के साथ अवैध प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह लगातार मोबाइल पर उससे बात करती थी। राजेश ने पत्नी को बातचीत करते पकड़ लिया था। जिसके बाद से दोनों के बीच विवाद होने लगे थे। राजेश मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुका था। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि जांच और तथ्यों के आधार पर पति को आत्महत्या के लिये उकसाने वाली पत्नी के खिलाफ धारा 108 बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया और कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश जारी होने पर जेल भेजा गया है। मामले की जांच और परिजनों के बयान दर्ज करने में एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मार्य, महिला आरक्षक ज्योति हाड़ा का सहयोग रहा।

### श्रीपुरम कॉलोनी के सूने मकान में चोरी की वारदात

उज्जैन। शहर में चोरी की वारदात लगातार सामने आ रही है मंगलवार बुधवार रात श्रीपुरम कॉलोनी में बदमाशों ने सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। वारदात के समय परिवार अस्पताल गया हुआ था। चिमनगंज थाना क्षेत्र के एमआर 5 मार्ग बनी श्रीपुरम कॉलोनी में राजीव त्रिवेदी का मकान बना हुआ है। उनकी मां का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने पर परिवार निजी अस्पताल गया हुआ था। मकान पर ताला लगा हुआ था इसी बात का रात में बदमाशों ने फायदा उठाया और ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषणों के साथ हजारों रुपए की नगदी चोरी कर ली। सुबह राजीव घर पहुंचे तो ताले टूटे मिले। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम को बुलाया। कॉलोनी में कैमरे लगे नहीं होने पर बदमाशों का कुछ पता नहीं चल पाया है। कुछ दिन पहले ही चिमनगंज थाना क्षेत्र की अतिरिक्त विश्व बैंक का कॉलोनी में रेस्टोरेंट संचालक के यहां चोरी की वारदात हुई थी। इससे पहले बदमाश महानंदा नगर और बसंत विहार में भी बड़ी चोरी को अंजाम दे चुके थे। सूने मकान के साथ बदमाश दुकानों को भी निशाना बना रहे हैं। तीन दिन पहले रॉयल मेडिकल में चोरी को अंजाम देने के साथ बदमाशों ने बाफना नमकीन में भी चोरी का प्रयास किया था।

# अब दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 19 मार्च तक

**उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी दी कि वर्ष 2025-26 में दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन 17 फरवरी से 19 मार्च तक किया जा रहा है। इस अवधि में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही है। 9 माह से 5 वर्ष के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण व अभियान के प्रथम चरण में एनीमिक पाए गए 06 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों का चिन्हांकन कर एनीमिक का फॉलोअप जांच एवं प्रबंधन किया जा रहा है।**

अभियान का उद्देश्य 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में विटामिन-ए की कमी रोकना, बाल मृत्यु दर एवं रतौंधी में कमी लाना, एनिमिया फॉलोअप को सुदृढ़ करना तथा प्रथम चरण में छूटे बच्चों की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है। इस चरण के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए का अनुपूरण किया जाएगा। साथ ही प्रथम चरण में एनिमिक पाए गए बच्चों का फॉलोअप कर उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा, जिससे कुपोषण और कमजोरी से जुड़ी समस्याओं को समय रहते नियंत्रित किया जा सके।

हाई रिस्क क्षेत्रों पर विशेष नजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल ने बताया कि अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम की सक्रिय भूमिका अहम है। विशेष रूप से हाई रिस्क एरिया, शहरी स्लम, पहुंचविहीन क्षेत्र, खानाबदोश आबादी, ईंट भट्टे बंजारा बस्तियां और निर्माणाधीन भवनों में रहने वाले परिवारों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के दौरान मॉनीटरिंग सिस्टम को भी मजबूत रखा जा रहा है।

अभियान के दौरान बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। साथ ही बच्चों का एनिमिया परीक्षण किया जाएगा। मैदानी स्तर पर एएनएम, आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ताओं सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता टीकाकरण सत्रों के माध्यम से अभियान का संचालन करेंगे। दस्तक दल, घर-घर पहुंचेगी टीम, जिले में दस्तक दलों के माध्यम से अधिक लक्ष्य अनुसार बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अभियान के पहले दिन वीएचएनडीयूएचएनडी सत्रों पर सेवाएं दी जाएंगी, जबकि छूटे हुए बच्चों को अगले दिन दस्तक दल द्वारा घर-घर जाकर कवर किया जाएगा। अभियान का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र बच्चों स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।


खुश खबर खुश खबर खुश खबर

उज्जैन व्यापार मेला

आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील

आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट



इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।

युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200

मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील

नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804


**दर्शन से लाभ...** मंदिर समिति की शीघ्र दर्शन सुविधा का 25 हजार श्रद्धालुओं ने लाभ लिया


# महाशिवरात्रि पर महाकाल मंदिर में 250 की टिकट से 62 लाख 50 हजार रुपए की आय

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में देशभर के साढ़े 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इनमें से 25 हजार श्रद्धालु ऐसे थे जिन्होंने वीआईपी दर्शन के रूप में 250 रुपए की टिकट लेकर दर्शन किए। मंदिर समिति ने ऐसे श्रद्धालु जिन्हें भीड़ से बचना हो, कम समय में दर्शन लाभ लेना हो उनके लिए टिकट से दर्शन की सुविधा भी की थी। इसके लिए प्रशासन ने आम लाइन के साथ ही बेरिकेटिंग कर पूरी एक अलग ही लाइन चलाई। श्रद्धालुओं को टिकट लेने के बाद थोड़ा कम चलना पड़ा और भीड़ से भी बचे व जल्दी दर्शन भी हो गए। 25 हजार श्रद्धालुओं से मंदिर समिति को 250 रुपए प्रति टिकट के मान से 62 लाख 50 हजार रुपए की आय हुई है। मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि 15 फरवरी को 20 हजार 700 श्रद्धालुओं ने टिकट खरीदी। जिससे समिति को 51 लाख 75 हजार रुपए की आय हुई। दूसरे दिन 16 फरवरी 2026 को 4 हजार 300 लोगों ने टिकट ली जिससे समिति को 10 लाख 75 हजार रुपए की आय प्राप्त हुई है। इधर भगवान महाकाल ने बुधवार को चंद्र दर्शन की दूज पर एक साथ पांच रूपों में दर्शन देकर भक्तों को अभिभूत किया। मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व का समापन हो गया। शाम से रात तक हजारों भक्तों ने इस दिव्य श्रृंगार के दर्शन किए। महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने बताया शिव की नवरात्रि में जो भगवान के इन रूपों के दर्शन नहीं कर पाता वह एक ही दिन में पंच मुखौटों के दर्शन कर पूरी नवरात्रि का पुण्य प्राप्त कर लेता है।



### महाशिवरात्रि के नौ दिन में 400 क्विंटल लड्डू बिके




महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान समिति के विभिन्न काउंटरों से 400 क्विंटल लड्डू प्रसाद बिका। समिति के अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में 6 फरवरी से महाशिवरात्रि पर्व की शुरुआत हुई थी। नौ दिनों तक यहां शिव की नवरात्रि का उत्सव मनाया गया। जिसका समापन 16 फरवरी को दसवें रोज किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने समिति के विभिन्न काउंटरों से रागी व बेसन के लड्डू का प्रसाद खरीदा। समिति ने 1 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से तैयार 410 .6 क्विंटल रागी एवं बेसन लड्डू का विक्रय किया। मंदिर समिति ने चिंतामन में स्थित प्रसाद निर्माण यूनिट ने महापर्व को देखते हुए पहले से मांग के अनुरूप प्रसाद तैयार किया ताकि श्रद्धालुओं को कमी न आए। समिति ने स्थाई काउंटरों के अलावा सुविधा के लिए अस्थाई काउंटर भी खोले जहां से पर्व के दौरान लगातार प्रसाद विक्रय की व्यवस्था की गई।

### नेपाल के प्रतिनिधिमंडल ने किए दर्शन



नेपाल से उज्जैन आए 14 सदस्यों के एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को महाकाल के दर्शन किए। प्रतिनिधिमंडल ने नंदीहाल से दर्शन किए। समिति सभी सदस्यों का सम्मान किया।